एक नजर में

कार्यशाला में दी वित्तीय प्रबंधन की सलाह

ब्यावरा 06 जनवरी, का. नगर के शासकीय पीजी कॉलेज में पीएम उषा योजनांतर्गत पांच दिवसीय वित्तीय एवं विनियोग प्रबंधन विषय पर एक फेकल्टी डेव्लपमेंट कार्यषाला का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य डॉ आरके गुप्ता के द्वारा कार्यक्रम की महत्ता एवं उसके लाभ से सभी को अवगत कराया गया. प्रो प्रमोद कुमार खरे द्वारा रूपरेखा के बारे बताया गया. यह फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम दिनांक 5 जनवरी से 10 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है. जिसमें फाइनेंशियल मैनेजमेंट एंड प्लॉनिंग विषय पर क्रिस्प संस्था भोपाल के विषय विशेषज्ञों द्वारा अध्यापन कराया जाएगा. प्रथम दिवस में उपस्थित प्रशिक्षक ललित कुमार द्वारा अपने वेतन का उपयोग और उसके उचित प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया. कार्यक्रम के दौरान सभी फैकल्टी को फोल्डर एवं स्टेशनरी भी वितरित किए गए, कार्यक्रम में महाविद्यालयीन समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा.

परसाना बैराज, बांकपुरा बांध क्षेत्र में जल दोहन बंद

राजगढ़ 06 जनवरी, का. जिले में इस वर्ष अल्पवर्षा होने के कारण पार्वती नदी पर निर्मित परसाना बैराज एवं घोड़ापछाड़ नदी पर निर्मित बांकपुरा बांध में जल भराव कम हुआ है. उक्त दोनों जल संरचनाओं के जल स्रोत से मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा क्रमशः पहाड़गढ़ (77 ग्राम) एवं बांकपुरा-कुशलपुरा (125 ग्राम) समूह जल प्रदाय योजनाओं का संचालन किया जा रहा है. वर्तमान में कम जल भराव की स्थिति एवं दोनों संरचनाओं से कृषि कार्यों हेतु जल के अत्यधिक दोहन को दृष्टिगत रखते हुए आगामी ग्रीष्मकाल में कुल 202 ग्रामों में पेयजल संकट उत्पन्न होने की संभावना है. उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरिश कुमार मिश्रा द्वारा पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 4 के अंतर्गत पार्वती नदी पर निर्मित परसाना बैराज से अपस्ट्रीम क्षेत्र में 2 किलोमीटर तक तथा घोड़ापछाड़ नदी पर निर्मित बांकपुरा बांध के संपूर्ण क्षेत्र में सिंचाई अथवा अन्य औद्योगिक प्रयोजनों हेतु जल के दोहन पर 30 जुलाई, 2026 तक पूर्ण प्रतिबंध रहेगा.

ग्राम चौपाल के आयोजन में कमेटी का गठन

पडाना 06 जनवरी, सं. पडाना सेक्टर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत कमेटी का गठन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अभय सिसोदिया, पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन पाल , वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सदानी , पूर्व मंडी सदस्य कमल सिंह परमार, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह सोलंकी, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सफीक अंसारी , शहर कांग्रेस अध्यक्ष सारंगपुर आबिद लोधी वकील साहब, वरिष्ठ नेता बहादुर भाई, निजाम भाई, पडाना मंडलम अध्यक्ष कमल गुर्जर नवाब अंसारी मोहम्मद रईस हाफिज इस्माइल भाई मंसूरी शकीरा सदर, दिनेश पुरी महेश खाती, हीरालाल मालवीय , इमरान मंसूरी, बाबू भाई मंसूरी, विक्रम सिंह तोमर सरपंच साहब, जनपद सदस्य प्रतिनिधि माजिद भाई मंसूरी बाबू मालवीय राम सिंह मालवीय . लक्ष्मी नारायण वर्मा जी, अंबाराम पटवारी इत्यादि उपस्थित रहे वही बैठक पडाना ग्राम पंचायत कमेटी का गठन किया जिसमें रईस पठान मगराना एवं साकिर भाई अंसारी सदर पडाना अध्यक्ष बनाया गया बनाया गया तत्पश्चात कमेटी का गठन किया गया .

नपा ने 300 अवैध नल कनेक्शन काटे

नपा अमले की कार्रवाई में सामने आए अवैध नल कनेक्शन, नाले-नालियों के सहारे बिछे हुए थे पाइप

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 06 जनवरी, का. इंदौर की घटना के बाद स्थानीय नपा द्वारा शुद्ध पेयजल सप्लाई व्यवस्था के दृष्टिगत विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें पाइप लाइन एवं नल कनेक्शन लाइनो को चेक किया जा रहा है, इस दौरान बड़ी संख्या में अवैध नल कनेक्शन होना सामने आया है. लगभग 300 अवैध कनेक्शन नपा अमले ने अभी तक काटे है.

विदित है कि इंदौर में दूषित पानी पीन से हुई मौतों के बाद जिला प्रशासन द्वारा निकायों को शुद्ध पेयजल सप्लाई सुनिश्चित करने हेतु सख्त दिशा निर्देश दिए गये. इसी तारतम्य में स्थानीय नपा द्वारा पेयजल सप्लाई लाइनों को चेक किया जा रहा है इसी बीच कई अवैध नल कनेक्शन सामने आये है.

छुपाकर बिछा रखे थे पाइप

मंगलवार को मुख्य नपाधिकारी इकरार अहमद के नेतृत्व में अवैध नल कनेक्शनों को डिसकनेक्ट करने की कार्यवाई की गई. सुठालिया रोड पर काजी वाला बाग सहित अन्य जगह पर अवैध कनेक्शन मिलने पर उन्हें डिसकनेक्ट किया गया. मुख्य नपाधिकारी के अनुसार अभी तक 300 अवैध नल कनेक्शन सामने आये है जिनको डिसकनेक्ट कर दिया गया है.

टूटी-फूटी लाइन से नलों में पहुंचता है दूषित पानी

अवैध नल कनेक्शन हेतु बिछा रखे पाइपो में से कई पाइपो के नाली, नाले के यहां क्षतिग्रस्त होने से गंदा पानी पाइप से होकर पेयजल सप्लाई लाइन में पहुंच रहा था. इससे कई स्थानों पर पेयजल सप्लाई के दौरान मटमैला और दुर्गंधयुक्त पानी पहुंचने से नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. इसको लेकर रहवासियों द्वारा कई बार शिकायत की जा चुकी है.

लाइन में पहुंच रहा था नाले का पानी

ब्यावरा स्थित राजगढ़ रोड पर शासकीय कॉलज के सामने पंचशील कॉलोनी क्षेत्र में लम्बे समय से मटमैला और दुर्गंधयुक्त पानी की शिकायत रहवासी करते आ रहे है, इंदौर में हुई घटना के बाद विगत दिवस नपा प्रशासन का अमला मौके पर पहुंचा और श्रीराधा कष्ण मंदिर के सामने नाले के यहां जेसीबी से व्यापक सफाई की, यहां पर करीब 15 नल कनेक्शन पाइप लाइन से होना पाया गया इनकी लाइन में कई जगह टूटफूट होने से नाले का पानी लाइन में पहुंचकर पेयजल सप्लाई के समय घरों तक पहुंच रहा था.

जनसुनवाई में सुनी गईं आमजन की समस्याएं

राजगढ़ 06 जनवरी, का. जिला मुख्यांलय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है. आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, संयुक्ता कलेक्टर वीरेन्द्रई सिंह दांगी, डिप्टीर कलेक्टर सुश्री ज्योति राजोरे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे. आयोजित जनसुनवाई में ग्राम हरलई निवासी घनश्याम नागर ने बताया कि आवेदक को मोहनपुरा सिंचाई परियोजना द्वारा डाली गई पाईप लाईन से पानी नहीं मिल पा रहा है. जबकि गांव में सभी को इस परियोजना अंतर्गत पानी प्रदाय किया जा रहा है. आवेदक को काफी परेशानी हो रही है. अपर कलेक्टर द्वारा परियोजना प्रबंधक को आवश्याक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

मनरेगा में बदलाव के विरोध में आई कांग्रेस

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस कर रूपरेखा बताई

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 06 जनवरी, का. अति महत्वपूर्ण रोजगार आधारित महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) संबंधी कानून वर्ष 2005 में यूपीए सरकार ने बनाया था जो एक अधिकार आधारित कानून है व प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मजदूरी रोजगार की मांग करने का वैद्यानिक अधिकार देता है किंतु वर्तमान भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा इसमें संसोधन कर वीबी-जी-राम-जी अधिनियम इस पूरे ढांचे से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की मूल भावना को हटा देता है, यह कार्य की वैद्यानिक गारंटी को समाप्त करता है. कार्यक्रम से महात्मा गांधी के नाम को हटाया जाना भी श्रम की गरिमा और स्वराज के उन मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास दर्शाता है, जिन पर मनरेगा आधारित है.

उक्त बात जिला मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने कही. उन्होंने बताय कि इसको लेकर कांग्रेस कमेटी द्वारा चरणबद्ध कार्यक्रम मनरेगा बचाव संग्राम के नाम से प्रारंभ किया जा रहा है. जिसमें जिला स्तर पर प्रेस कांर्फ्रेस, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देने, सार्वजनिक स्थलों पर उपवास 12 जनवरी से 29 जनवरी तक, पंचायत स्तर पर जनसम्पर्क 30 जनवरी को, महात्मा गांधी के शहिदी दिवस पर ब्लॉक स्तर पर धरना 31 जनवरी से 6 फरवरी तक जिला कलेक्टर कार्यालय के यहां धरना दिया जाएगा.

गौवंश की दुर्दशा पर जताई नाराजगी

जिला मुख्यालय पर एक गौशाला में तीन दिन के भीतर दर्जन भर गौवंश की मौत की जानकारी लगने पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित इंकाजन राजगढ़ स्थित ट्रेचिंग ग्राउण्ड पहुंचे जहां मृत गौवंश का अंतिम संस्कार किया जाता है. ट्रेचिंग ग्राउण्ड जैसी जगह पर कई गौवंश विचरण करते हुए दिखाई देने पर कांग्रसेजनों ने नाराजगी जताते हुए यहां की व्यवस्था पर सवार उठाए. इंकाजनों ने इसको लेकर सवाल उठाए कि गौशाला में इतनी अधिक गौवंश की मौत कैसे हो रही है. इस दौरान पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, बापू सिंह तंवर सहित कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

100 कंपनियों को 11 हजार रोजगार देने का लक्ष्य

सारंगपुर में 12 जनवरी को होगा रोजगार महामेले का आयोजन

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 06 जनवरी, का. किसी बेरोजगार की मदद कर उसके रोजगार देना सबसे बडी इंसानियत होती है. इसलिए सभी कर्मचारी एवं अधिकारी अपने-अपने स्तर से युवा संगम में 18 वर्ष से 35 वर्ष के युवाओं का हर हाल में पंजीयन कराकर उनको रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य करेंगे. ताकि वे आर्थिक परेशानी से बच कर सक्षमता की और अग्रसर होंगे. यह बात अनुविभागीय अधिकारी सारंगपुर रोहित बम्होरे ने 12 जनवरी को होने वाले युवा संगम मेले की समीक्षा करते हुए विकासखण्ड के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक में कही. उन्होंने कहा कि सारंगपुर में पहली बार 100 कंपनियां आ रही है. जिसमें करीब 11 हजार युवाओं को नौकरी का सुनहरा मौका मिलेगा. इसके लिए सभी अच्छे से प्रयास करेंगे तो सफलता निश्चित तौर पर मिलेगी. प्रत्येक ग्राम पंचायतें, स्कूल, महाविद्यालय, प्रायवेट सेक्टर के सभी शिक्षण संस्थान रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अभी से प्रारंभ कर अधिक से अधिक पंजीयन करें. जनपद सीईओ हेमेन्द्र गोविल ने कहा कि प्रत्येक पंचायत के सरपंच, जनपद सदस्य, सचिव, रोजगार सहायक एवं पंचायत के अन्य स्टॉप इस मेले का अधिक से अधिक पंजीयन कराकर बेरोजगार को रोजगार की और अग्रसर करेंगे क्योंकि युवाओं को मिलेगा रोजगार तभी आर्थिक मजबूती मिलेगी. सभी इसका प्रचार-प्रसार जरुर करें.

अनुविभागीय अधिकारी सारंगपुर श्री बम्होरे ने कहा कि सभी पंचायतें अपने अपने ग्राम के हैंडपंपों का संधारण सही करें. दूषित पानी का उपयोग न हो इसका विशेष ध्यान दिया जाए. कही पर खराब पानी हो तो तुरंत पीएचई विभाग को सूचना देकर उसका निदान किया जाए. हर हाल में ध्यान रखा जाए कि इंदौर जैसी घटना हमारे क्षेत्र में न हों.

सफलता : आईटीआई प्रशिक्षण से मिली पहचान

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 06 जनवरी, का. राजगढ़ जिला निवासी श्री हर्षित सक्सेना ने शासकीय आदर्श आईटीआई राजगढ़ से डीजल मैकेनिक ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त कर वर्तमान में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, मानेसर (गुरुग्राम, हरियाणा) में कार्यरत हैं. हर्षित सक्सेना बताते है कि सत्र 2023-24 में आईटीआई (मैकेनिक डीजल ट्रेड) में प्रवेश लिया. उन्होंने डीजल मैकेनिक ट्रेड का चयन किया. नियमित अध्ययन, प्रैक्टिकल प्रशिक्षण एवं वर्कशॉप अनुभव के माध्यम से उन्होंने तकनीकी दक्षता के साथ आत्मविश्वास भी अर्जित किया.

आईटीआई प्रशिक्षण के दौरान न केवल तकनीकी ज्ञान प्राप्त किया, बल्कि औद्योगिक वातावरण में कार्य करने की कार्यप्रणाली भी सीखी. उन्होंने 86 प्रतिशत अंकों के साथ आईटीआई उत्तीर्ण की. प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप फरवरी 2025 में उन्हें मारुति सुजुकी मानेसर में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से अवसर प्राप्त हुआ.

भोपाल में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में ऑनलाइन परीक्षा एवं साक्षात्कार उत्तीर्ण करने के पश्चात चयन मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, मानेसर सेक्टर-8, गुरुग्राम में सीडब्ल्यू पद पर हुआ. वर्तमान में 32 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन प्राप्त कर रहे हैं.

पंचायतों में अनियमितताओं पर जिपं सीईओ ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 06 जनवरी, का. मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 की धारा-89 के अंतर्गत विभिन्न जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों में प्रचलित प्रकरणों का निराकरण करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा कार्य पूर्ण होने पर प्रकरण समाप्ति तथा वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर वसूली एवं दण्डात्मक कार्रवाई के आदेश पारित किए गए हैं.

जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ की ग्राम पंचायत गिन्दौली में ग्राम सरसखेड़ी एवं गिन्दौली में 2 स्कूल बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 7,31,500 रूपये की राशि बिना कार्य के अग्रिम आहरित की गई थी. संबंधित सरपंच एवं सचिव द्वारा समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराया.

जनपद पंचायत खिलचीपुर की ग्राम पंचायत बरखेड़ाभोजा में मजदूरी मद में 42,460 रूपये के अधिक आहरण के प्रकरण में राशि जमा कराई गई. वहीं ग्राम पंचायत माण्डाखेड़ा में गौशाला से संबंधित 5,34,240 रूपये की शिकायत पर जांच उपरांत अनियमितताएं दूर पाए जाने से वसूली प्रकरण समाप्त किया गया.

जनपद पंचायत सारंगपुर की ग्राम पंचायत ग्वाड़ा में आंगनवाड़ी भवन की 66,792 रूपये राशि के प्रकरण में सचिव द्वारा राशि जमा कराई गई. संबंधित सचिव को एक वेतनवृद्धि रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया.

ग्राम पंचायत रामपुरिया में आंगनवाड़ी सादनखेड़ी एवं अकन्याखेड़ी के निर्माण कार्यों में अधिक आहरण पाए जाने पर निर्माण कार्य पूर्ण कराए गए तथा 41,000 रूपये की राशि जमा कराई गई. कार्य में देरी के चलते सरपंच को 6 वर्ष के लिए निर्वाचन लड़ने से अयोग्य घोषित करते हुए प्रकरण समाप्त किया गया.

बिजली और गौवंश की दुर्दशा पर चक्काजाम

करेड़ी के यहां ग्रामीणों ने बिजली सप्लाई को लेकर तथा राजगढ़ में गौवंश की दुर्दशा पर किया चक्काजाम

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 06 जनवरी, का. बिजली सप्लाई में व्याप्त अव्यवस्था एवं गौवंश की दुर्दशा को लेकर मंगलवार को दो जगह पर चक्काजाम किया गया. राजगढ़ एवं खुजनेर रोड पर करेड़ी के यहां चक्काजाम किया गया.

जानकारी के अनुसार राजगढ़-खुजनेर रोड पर करेड़ी के यहां मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे आसपास के ग्रामीणजनों द्वारा बिजली समस्या को लेकर चक्काजाम कर दिया गया. ग्रामीणों का कहना है कि दिन में बिजली नहीं देते हुए अधिकांशतः रात्रि के समय बिजली दी जा रही है, ऐसे में कड़ाके की ठंड के प्रकोप के बीच सिंचाई कर पाना भारी मुश्किलों भरा हो रहा है. पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी भी मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों की समस्या का समर्थन करते हुए बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की. करीब एक घंटे तक जाम रहा. जिससे वाहनों की लम्बी कतारे लग गई. मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के डीई द्वारा दिन में बिजली सप्लाई दिए जाने के आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त कर दिया गया.

गौवंश की दुर्दशा पर किया जाम

जिला मुख्यालय राजगढ़ स्थित ट्रेचिंग ग्राउण्ड में गौवंश की दुर्दशा को लेकर नाका नं 3 के यहां कांग्रेस कार्यालय के सामने हाईवे पर नवयुवक गौसेवा समिति के सदस्यों द्वारा चक्काजाम किया गया. जानकारी के अनुसार नवयुवक गौसेवा समिति के सदस्यसों द्वारा शाम करीब 4 बजे नाका नं 3 पर चक्काजाम कर दिया गया. इनकी मांग थी कि ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर गौवंश को विचरण करते हुए देखा जा सकता है, जो पॉजिथिन खा रही है. वहीं पर मृत गौवंश का भी अंतिम संस्कार किया जाता है. इनकी मांग है कि गौवंश के रहने हेतु बेहतर व्यवस्था की जाये. एसडीएम सुश्री निधी भारद्वाज द्वारा मौके पर पहुंचकर गायों को गौशाला में पहुंचाने तथा गौवंश की देखरेख एवं सुरक्षा को लेकर आश्वास्त किए जाने के बाद चक्काजाम समाप्त कर दिया गया.

ज्ञापन नगर परिषद द्वारा दूषित पानी सप्लाई करने, लोगों के मकान तोड़ने से आक्रोशित हुए लोग

भेदभाव पूर्ण रवैये को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने ज्ञापन दिया

नवभारत न्यूज

जीरापुर 06 जनवरी, सं. जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व विधायक प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर में दूषित पानी सप्लाई एवं अन्य बिंदुओं को लेकर एसडीएम अंकिता जैन को ज्ञापन सौंपा गया. नगर परिषद द्वारा लोगों के साथ किए जा रहे भेद भाव पूर्ण रवैया, दूषित पानी सप्लाई करने, मनमाने तरीके से लोगों के मकान तोड़ने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि, आम जनता महिलाएं सहित कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विश्राम गृह से तहसील परिसर तक नारेबाजी करते हुए तहसीलदार आरपी सिंह गोंड़ को ज्ञापन सौंपा.

ज्ञापन में उल्लेख किया कि नगर पंचायत भेदभाव एवं अव्यस्थाओं की सीमा लांघ चुकी है. पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह एवं पूर्व विधायक डॉ रामप्रसाद दांगी ने प्रशासन को चेतावनी देते खुले शब्दों में कहा कि जो अव्यवस्था एवं निति विरूद्ध काम कर रहे हैं 15 दिनों के अंदर इन दोषियो पर कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा. नगर पंचायत जीरापुर द्वारा नगर में छापीबांध स्थित फिल्टर प्लाट से पेयजल की सप्लाई स्थल के आस पास भयंकर गंदगी व्याप्त है. जानवर मरे पड़े है गंदगी का पानी प्लांट में जाने वाली नालियों में जाकर पानी को दुषित कर रहा है और वहीं दुषित पानी पेयजल के रूप में नगर में सप्लाई किया जा रहा है जो नागरिको के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर लापरवाही जबकि पेयजल के नाम पर नगर पंचायत द्वारा लाखों रूपये का खर्चा दिखाया जाता है. आवासीय पट्टों का सर्वे किया गया जिसमें खुले तोर पर भेदभाव किया जो लोग वर्षों से रह रहे है उनका कोई सर्वे नही किया और फर्जी लोगो को रहवासी बताकर आवासीय पट्टे देने की बात कही जा रही है. सर्वे में व्यापक रूप से फर्जीवाड़ा हुआ जिसकी जांच करवाई जाकर छुटे हुए लोगो का तुरन्त सर्वे करवाया जावे. गरीब लोगो के मकान अतिक्रमण के नाम पर तोड़े जा रहे है जबकि अनेकों रसुकदार एवं दबंग लोगो ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर व्यवसायिक दुकाने व मकान बना रखे है जिन पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है और जानबूझकर गरीब लोगो को अतिक्रमण के नाम पर परेशान किया जा रहा है, नगर पंचायत के ही कुछ कर्मचारीयों द्वारा अपने लोगो से शासकीय भूमि पर मकान बनवाये जा रहे है जिसे तत्काल रोका जाय और संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाये. हाट बाजार व्यवस्थित स्थान पर लगाया जाये साफ सफाई और लाईट की समुचित व्यवस्था की जाय. नगर पंचायत द्वारा कुछ समय पूर्व कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया गया था जो अभी तक अधुरा पड़ा है पूर्ण करवाया जाकर दुकानों को नीलाम किया जावे. आवास कॉलोनी में स्थित खेल मैदान की अधुरी बाउण्ड्रीवाल को तत्काल पूरा करवाया जावे. सार्वजनिक शौचालय/मुत्रालय की नियमित साफ सफाई की व्यवस्था करवाई जाये. नगर में कुछ लोगों द्वारा मनमाने तरीके से नगर की पहचान को बदलने की कोशिश की जा रही है और मनमाने तरीके से मागों के नामकरण कर बिना अनुमति के नाम परिवर्तित कर पोस्टर लगाये जा रहे है उक्त पोस्टरों को तुरन्त हटवाया जावे और उक्त लोगों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावे. उक्त बिंदुओं पर समाधान एवं दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा.

पूर्व सरपंच को 6 वर्ष के लिए निर्वाचन अयोग्य घोषित

राजगढ़ 06 जनवरी, का. ग्राम पंचायत सरेड़ी में सीसी रोड, आंगनवाड़ी भवन एवं सामुदायिक भवन सहित 7 कार्यों में कुल 53,78,582 रूपये की वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर जांच उपरांत 31,52,049 रूपये की वसूली अधिरोपित की गई. प्रकरण में पूर्व सरपंच को 6 वर्ष के लिए निर्वाचन अयोग्य घोषित किया गया है तथा संबंधित सचिव निलंबित है. पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी.

कार्यालय जनपद पंचायत जीरापुर जिला-राजगढ़ म.प्र.

क्र. /550/26 जनवरी/2026 जीरापुर दिनांक 06.01.2026

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रति वर्ष स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय पर्व के आयोजन पर स्टेडियम ग्राउण्ड जीरापुर में टेन्ट स्टेज एवं बैठक आदि की व्यवस्था की जाती है. प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व आयोजन हेतु टेन्ट की आवश्यकता है. इस हेतु इच्छुक फर्मों से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है.

इच्छुक फर्म अपनी निविदा प्रत्येक सामग्री की अलग-अलग निर्धारित दर एवं अलग से एक मुश्त राशि के साथ कार्यालयीन समय में दिनांक 07.01.2026 से दिनांक 14.01.2026 तक कार्यालय जनपद पंचायत जीरापुर में प्रस्तुत कर सकते है. एक मुश्त राशि हेतु पूर्व वर्षों में लगाई गई सामग्री की फोटोग्राफ एवं विडियों का अवलोकन निविदाकर्ताओं द्वारा कार्यालयीन समय में किया जा सकता है. निविदाएँ दिनांक 15.01.2026 को समय सायं 04.00 बजे जनपद पंचायत कार्यालय में निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी.

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत जीरापुर